अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

## DAILY CURRENT *Analysis*

## TOP 10 NEWS With MCQs

## 29 MAR. 2023

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra


8476067777, 8394040777

1. **शिक्षा मंत्रालय ने अपने प्रमुख प्रोग्राम PM SHRI के लिए देश भर में लगभग नौ हजार स्कूलों को चुना**



- पीएम श्री योजना के तहत चुने गये सभी स्कूलों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित किया जायेगा।
- वर्ष 2022-23 में कुल 14,597 स्कूलों का चयन इस योजना के तहत किया जायेगा।
- इस योजना को 5 वर्ष यानि 2022-2027 के लिये लागू किया गया है। जिसके लिये 27,360 करोड़ रूपये का धन आवंटित किया गया है।
- इस योजना के तहत केंद्र की हिस्सेदारी 18,128 करोड़ रूपये की होगी। बाकी खर्च संबंधित राज्य सरकारों को करना होगा।
- जो सरकारी स्कूल इस योजना से जुड़ना चाहते हैं, उन्हें अपना आवेदन ऑनलाइन मोड में पोर्टल पर करना होगा। यह पोर्टल वर्ष में 4 बार ओपन किया जायेगा।

2. **मिर्गी जागरूकता का बैंगनी दिवस 26 मार्च को मनाया**




- पर्पल डे ऑफ़ एपिलेप्सी एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस है जो न्यूरोलॉजिकल कंडीशन एपिलेप्सी से जुड़े सामाजिक स्टिग्मा को कम करने और समझ बढ़ाने के लिए समर्पित है।
- यह हर साल 26 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य लोगों को एपिलेप्सी के बारे में शिक्षित करना, एक सीजर के लक्षणों को पहचानना और इससे प्रभावित होने वालों को समर्थन प्रदान करना है।
- पर्पल डे का प्राथमिक उद्देश्य एपिलेप्सी और उससे प्रभावित होने वालों के प्रति अधिक ज्ञान और सहानुभूति को बढ़ाना है, जिसका अंतिम उद्देश्य एक और समावेशी समाज बनाना है।

3. **भारत के धनुष लोगानाथन और ज्योष्णा साबर ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता**




- 230 किलोग्राम की कुल लिफ्ट के साथ, सनापति ने पुरुषों की 55 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 104 किलोग्राम भार उठाकर रजत और क्लीन एंड जर्क में 126 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता।
- विजय ने कुल 175 किग्रा भार उठाकर पुरुषों की 49 किग्रा स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। स्नैच वर्ग में विजय ने 78 किलोग्राम भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क वर्ग में उन्होंने 97 किलोग्राम भार उठाया।
- महिलाओं के 40 किलोग्राम वर्ग में आकांक्षा ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच वर्ग में 59 किलोग्राम भार उठाकर कुल 127 किलोग्राम भार के साथ रजत पदक और क्लीन एंड जर्क वर्ग में 68 किलोग्राम भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

4. **ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज दर बढ़ाकर 8.15% कर दी**




- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने कर्मचारियों को तोहफा देते हुए, कर्मचारियों की भविष्य निधि पर ब्याज दरें बढ़ा दी है.
- ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज दर बढ़ाकर 8.15% कर दी है. केंद्रीय न्यासी बोर्ड (CBT) की बैठक में यह फैसला लिया गया है. ईपीएफओ के इस फैसले का लाभ 6 करोड़ कर्मचारियों को मिलेगा.
- मार्च 2022 में, ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज घटाकर चार दशक के सबसे निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था.
- वित्त वर्ष 2021-22 की ब्याज दर 1977-78 की 8% ब्याज दर के बाद से सबसे कम थी.

**भारत में कर्मचारी भविष्य निधि की शुरुआत**

- कर्मचारी भविष्य निधि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए बचत का एक प्रमुख साधन है।
- इसकी शुरुआत 15 नवंबर, 1951 को कर्मचारी भविष्य निधि अध्यादेश के आने के पश्चात हुई थी।
- कर्मचारी भविष्य निधि विधेयक वर्ष 1952 में संसद में पेश किया गया था।

**5. नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15% पायलट महिलाएं हैं**



- भारत में पायलटों की संख्या पर सबसे हालिया रिपोर्ट नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा प्रदान किया गया जो भारतीय एयरलाइंस को नियंत्रित करता है। सबसे हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश की 15% पायलट महिलाएं हैं।
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के अनुसार यह संख्या 5% वैश्विक औसत का तीन गुना है।
- हालांकि, महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए पायलट प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम अभी शुरू नहीं किया गया है।
- विभिन्न भारतीय अनुसूचित एयरलाइनों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2021 में कुल 244 पायलटों की भर्ती की गई है।
- देश में वर्तमान में 35 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) या 53 स्थानों पर उड़ान स्कूल हैं।
- निवेदिता भसीन ने 1989 में दुनिया में एक वाणिज्यिक एयरलाइन के सबसे कम उम्र के कप्तान का खिताब हासिल किया था।
- 1990 के दशक में, भारतीय वायु सेना ने अपने परिवहन और हेलीकाप्टर बेड़े के लिए महिला पायलटों को नियुक्त करना शुरू किया था।

**6. हमजा यूसुफ स्कॉटिश नेशनल पार्टी के नेता चुने गए**



- पाकिस्तान मूल के हमजा यूसुफ (Humza Yousaf) को स्कॉटिश नेशनल पार्टी के अगले नेता के रूप में चुना गया है.
- 37 वर्षीय यूसुफ, स्कॉटिश संसद में अनुमोदन वोट जीतने के बाद अर्ध-स्वायत्त सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभालेंगे.
- वह, स्कॉटलैंड के पहले मंत्री के रूप में, निकोला स्टर्जन का स्थान लेंगे.
- स्कॉटलैंड एक ऐसा देश है जो यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है, इसकी राजधानी एडिनबर्ग है और यहां की मुद्रा पाउंड स्टर्लिंग है.

**परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण बिंदु:**

- स्कॉटलैंड कैपिटल: एडिनबर्ग
- स्कॉटलैंड राष्ट्रीय पशु: गेंडा
- स्कॉटलैंड मुद्रा: पाउंड स्टर्लिंग

**7. कोलकाता नाइट राइडर्स ने नीतीश राणा को अपना अंतरिम कप्तान नियुक्त किया**




- दो बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इस सीजन के लिये धाकड़ बल्लेबाज नीतीश राणा को अपना अंतरिम कप्तान नियुक्त किया है.
- नीतीश राणा ने सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में दिल्ली की कप्तानी की है.
- नीतीश ने केकेआर के लिए 74 मैच खेले हैं और जिसमें उन्होंने 1744 रन भी बनाये है. गौरतलब है कि 29 वर्षीय इस मध्यक्रम बल्लेबाज़ को केकेआर ने 2018 सीज़न से पहले ख़रीदा था, इससे पहले नीतीश मुंबई इंडियन्स के लिए भी खेल चुके है.

**8. नई दिल्ली में किस स्पेन के दूतावास ने स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया**



- नयी दिल्ली स्थित स्पेन के दूतावास में स्पेन के इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस और ला लिगा लीग ने स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया. इसका विमोचन भारत में स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने किया. इस अवसर पर दिल्ली में इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस के निदेशक ऑस्कर पुजोल और ला लिगा इंडिया के प्रबंध निदेशक जोस एंटोनियो कचाजा भी मौजूद थे. स्पेन एक यूरोपियन देश है, इसकी राजधानी मैड्रिड है.

**9. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बासेल में स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन युगल का खिताब जीता**




- भारत की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बासेल में 2023 सत्र का अपना पहला खिताब जीता।
- उन्होंने स्विस ओपन 2023 में चीन के रेन जियांग यू और टैन कियांग को 21-19, 24-22 से हराया।
- दुनिया की छठी नंबर की जोड़ी ने दुनिया की 21 नंबरकी जोड़ी को मात दी हैं ।
- के. वातानाबे ने पुरुषों का एकल खिताब जीता जबकि महिला एकल खिताब विजेता पी. चोचुवोंग हैं।
- यह रैंकीरेड्डी और शेट्टी के लिए पहला बीडब्ल्यूएफ (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) युगल खिताब है, और उनके करियर का पांचवां वर्ल्ड टूर खिताब है।

**10. तिब्बत का तीसरा धर्मगुरु होगा 8 साल का मंगोलियाई बच्चा**



- 87 साल के तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने चीन को बड़ा झटका दिया है।
- उन्होंने तिब्बती बौद्ध धर्म का तीसरा सबसे बड़ा धर्मगुरु अमेरिका में पैदा हुए 8 साल मंगोलियाई बच्चे को बना दिया है।
- ये जुड़वा बच्चों में से एक है।
- दलाई लामा ने इस बच्चे को 10वें खलखा जेटसन धम्पा रिनपोछे का पुनर्जन्म बताया।

**दलाई लामा**

- 1959 में चीन से हिमाचल आए थे दलाई लामा
- दलाई लामा तिब्बत के धर्मगुरु हैं। उनका जन्म 1935 में हुआ था।
- जब वो 2 साल के थे तब उन्हें पिछले दलाई लामा का पुनर्जन्म कहा गया था।
- दलाई लामा को 1989 में नोबेल पीस प्राइज से सम्मानित किया गया था।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. फ्लैगशिप प्रोग्राम पीएम श्री (PM SHRI) किस मंत्रालय की पहल है?**
(a) वित्त मंत्रालय
(b) कृषि मंत्रालय
(c) शिक्षा मंत्रालय
(d) विदेश मंत्रालय

**2. मिर्गी जागरूकता का बैंगनी दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 25 मार्च
(b) 26 मार्च
(c) 27 मार्च
(d) 28 मार्च

**3. भारत के किस युवा खिलाड़ी ने वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है?**
(a) धनुष लोगानाथन
(b) प्रियम गर्ग
(c) विकास ठाकुर
(d) लवप्रीत सिंह

**4. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज दर बढ़ाकर कितनी कर दी है?**
(a) 8.15 प्रतिशत
(b) 8.20 प्रतिशत
(c) 8.55 प्रतिशत
(d) 8.10 प्रतिशत

**5. हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार निम्न में से किस देश में सबसे ज्यादा महिला पायलट हैं ?**
(a) भारत
(b) इंग्लैंड
(c) अमेरिका
(d) जापान

**6. किसे स्कॉटिश नेशनल पार्टी के अगले नेता के रूप में चुना गया है?**
(a) कीथ ब्राउन
(b) हमजा यूसुफ
(c) निकोला स्टर्जन
(d) रोहन खन्ना

**7. कोलकाता नाइट राइडर्स ने किस खिलाड़ी को अपना अंतरिम कप्तान नियुक्त किया है?**
(a) सुनील नरेन
(b) शार्दुल ठाकुर
(c) आंद्रे रसेल
(d) नीतीश राणा

**8. नई दिल्ली में किस देश के दूतावास ने स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया?**
(a) स्पेन
(b) ब्राजील
(c) पुर्तगाल
(d) अर्जेंटीना

**9. स्विस ओपन युगल खिताब किसने जीता है?**
(a) सात्विकसाईराज रेड्डी
(b) चिराग शेट्टी
(c) a & b दोनों
(d) कोई नहीं

**10. किस देश के बच्चे को तिब्बत का तीसरा धर्मगुरू बनाया जायेगा?**
(a) मंगोलिया
(b) यूरेशिया
(c) कनाडा
(d) तंजानिया

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (a) | (a) | (a) | (b) | (d) | (a) | (c) | (a) |